आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.२०(101)एसएफ/बजट/लेखा/आकाशि/19/77 दिनांक 1/11/19

श्रीमान प्राचार्य महोदय,
राजकीय महाविद्यालय (समस्त)
....

विषय :– बजट की मांग प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय के लिए योजना/योजनाओं के अतिरिक्त के बजट मदों में आवश्यक बजट की मांग प्रत्येक माह की 5 तारीख तक निम्न प्रारूप में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।

क्र. सं.	बजट मद	बी.एफ.सी. में प्रस्तावित राशि (वित्तीय वर्ष 2019–20)	आवंटित राशि	उपयोग की गयी राशि	अतिरिक्त आवश्यक राशि	मांग का औचित्य
1						
2						
3						
4						

योजना के अतिरिक्त व योजना में से जिसमें भी बजट की आवश्यकता हो उसे ही अंकित किया जावे तथा मांग भी पृथक–पृथक प्रस्तुत की जावे। प्रत्येक बजट मद से उस मद में स्वीकृत पदों का वेतन, यात्रा व्यय, चिकित्सा व्यय इत्यादि का व्यय उसी सम्बन्धित मद से किया जाना भी सुनिश्चित करें। उक्त प्रारूप में बजट की मांग ई–मेल आई डी cao.cce@rajasthan.gov.in पर प्रेषित करावें। आवंटित किये गये बजट से महाविद्यालय की बकाया देयता (pending liability) को शीघ्र सम्बन्धित को भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। यदि महाविद्यालय द्वारा आवंटित किये गये बजट का उपयोग नहीं किया गया तो आवंटित राशि को इस कार्यालय द्वारा प्रत्याहारित कर लिया जावेगा। इसके पश्चात आपके महाविद्यालय की बकाया देयताओं के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। बजट के लिए मांग का प्रारूप पत्र संलग्न किया जा रहा है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

वित्तीय सलाहकार
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.२०(101)एसएफ/बजट/लेखा/आकाशि/19/77 दिनांक 1/11/19

प्रतिलिपि :– महाविद्यालयों के साथ संबंधित के लिये नियुक्त किये गये समस्त प्रभारी अधिकारियों को प्रेषित कर लेख है कि वे उनसे सम्बन्धित महाविद्यालयों से सम्पर्क कर बजट प्रस्ताव निर्धारित दिनांक तक मंगवाया जाना तथा आवंटन के पश्चात व्यय किया जाना सुनिश्चित करावें।

वित्तीय सलाहकार
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

(. . . महाविद्यालय . . . .)

(बजट मांग के लिए पत्र का प्रारूप)

श्रीमान वित्तीय सलाहकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

विषय :– बजट आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय को योजनाओं के अतिरिक्त/योजनाओं में निम्न प्रकार बजट की आवश्यकता है। बजट की मांग आप द्वारा निर्धारित प्रारूप में निम्न प्रकार से प्रेषित की जा रही है :–

(डी.डी.ओ.कोड)

क्र. सं.	बजट मद (योजना के अतिरिक्त व योजना को मद में स्पष्ट अंकित किया जावे।)	बी.एफ.सी. में प्रस्तावित राशि (वित्तीय वर्ष 2019–20)	आवंटित राशि	उपयोग की गयी राशि	अतिरिक्त आवश्यक राशि	मांग का औचित्य
1						
2						
3						
4						

कृपया उक्तानुसार बजट आवंटित करने का श्रम करावें।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय

....

मोबाईल नं..

ई–मेल आई डी................................